SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs

17/01/2020

Q1. एडम गोरलिट्स्की ने चार्ल्सटन मैराथन को सूट पहनकर कितने घंटे में पूरी करके सबसे कम समय में मैराथन पूरी करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है?

क. 30 घंटे

ख. 33 घंटे

ग. 36 घंटे

घ. 42 घंटे

अमेरिका के पैरालाइज्ड रनर एडम गोरलिट्स्की ने हाल ही में चार्ल्सटन मैराथन को सूट पहनकर सबसे कम 33 घंटे 50 मिनट 23 सेकंड में करके वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

SarkariExam.Com

है. उन्हों 2018 में ब्रिटेन के साइमन किंडलेसाइड्स के 36 घंटे 46 मिनट के मैराथन पूरी करने के रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

Q2. 2 वर्ष बाद आजादी की 75वीं सालगिरह पर कितने अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण के लिए इस महीने में रूस भेजा जायेगा?

क. 2 अंतरिक्ष यात्रियों

ख. 4 अंतरिक्ष यात्रियों

ग. 6 अंतरिक्ष यात्रियों

घ. 10 अंतरिक्ष यात्रियों

वर्ष 2022 में देश की आजादी की 75वीं सालगिरह पूरी होने पर गगनयान लांच किया जायेगा. जिसके लिए भारत के चयनित 4 अंतरिक्ष यात्रियों को प्रशिक्षण के लिए इस महीने रूस भेजा जायेगा जो की रूस में 11 महीने तक प्रशिक्षण लेंगे. इस गगनयान प्रोजेक्ट के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी.

Q3. भारतीय रेलवे ने किस रेलवे स्टेशन पर पहला अनूठा ह्यूमन इंटरेक्टिव इंटरफेस सिस्टम लगाया है?

क. गोरखपुर

ख. महाराष्ट्र

ग. विशाखापत्तनम

घ. न्यू दिल्ली

SarkariExam.Com

भारतीय रेलवे ने देश के रेल सफ़र को लोगो के लिए रेल सफर को और सुविधाजनक बनाने के लिए विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर पहला अनूठा ह्यूमन इंटरेक्टिव इंटरफेस सिस्टम लगाया है. इस सिस्टम से यात्री फ्री में मोबाइल और वीडियो कॉलिंग के साथ मोबाइल चार्जिंग, मौसम और ट्रेन सहित स्थानीय जगहों की जानकारी ले सकेंगे.

Q4. 92वें एकेडमी अवॉर्ड्स ऑस्कर के नॉमिनेशन में किस फिल्म ने सबसे ज्यादा 11 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं?

क. जोकर

ख. वन्स अपॉन ए टाइम इन हॉलीवुड

ग. पैरासाइट

घ. अपना टाइम आयेगा

92वें एकेडमी अवॉर्ड्स ऑस्कर के नॉमिनेशन की घोषणा की गयी है जिसमे जोकिन फीनिक्स की जोकर फिल्म ने सबसे ज्यादा 11 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं. ऑस्कर अवॉर्ड सेरेमनी का योजना 9 फरवरी को लॉस एंजिलिस स्थित डॉल्बी थियेटर्स में किया जायेगा.

SarkariExam.Com

Q5. सेबी ने 500 लिस्टेड कंपनियों के लिए चेयरमैन और एमडी के पद अलग-अलग करने की समयसीमा को कितने वर्ष बढ़ा दिया है?

क. 1 वर्ष

ख. 2 वर्ष

ग. 3 वर्ष

घ. 5 वर्ष

सेबी ने हाल ही में 500 लिस्टेड कंपनियों के लिए चेयरमैन और एमडी के पद अलग-अलग करने की समयसीमा को 2 वर्ष बढाकर अप्रैल 2020 से अप्रैल 2022 कर दिया है. लेकिन सेबी ने समयसीमा बढ़ाने की वजह का कोई खुलासा नहीं किया है.

Q6. केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट का नाम बदलकर किसके नाम पर रखा दिया है?

क. अटल विहारी वाजपेयी

ख. नरेंद्र मोदी

ग. श्यामा प्रसाद मुखर्जी

घ. सरदार वल्लभभाई पटेल

केंद्र सरकार ने कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट का नाम बदलकर देश के प्रसिद्ध राजनेता, शिक्षाविद् और बैरिस्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा दिया है. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित जवाहरलाल नेहरु की सरकार में उद्योग व आपूर्ति मंत्री भी रहे थे.

SarkariExam.Com

Q7. भारतीय क्रिकेट टीम की सुपरफैन दादी चारुलता पटेल का हाल ही में कितने वर्ष की उम्र में निधन हो गया है?

क. 82 वर्ष

ख. 87 वर्ष

ग. 92 वर्ष

घ. 94 वर्ष

हाल ही में 87 वर्ष की उम्र में भारतीय क्रिकेट टीम की सुपरफैन दादी चारुलता पटेल का निधन हो गया है. सुपरफैन दादी चारुलता पटेल को बीसीसीआई ने श्रद्धांजलि दी है. सुपरफैन दादी चारुलता पटेल इंग्लैंड में हुए वर्ल्ड कप 2019 में व्हीलचेयर पर भारतीय टीम का मैच देखने पहुंची थीं.

Q8. खेलो इंडिया युवा खेलों में जीना खिट्टा ने कितने मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है?

क. 10 मीटर

ख. 20 मीटर

ग. 30 मीटर

घ. 50 मीटर

खेलो इंडिया युवा खेलों में हिमाचल प्रदेश की जीना खिट्टा ने 251.3 अंक के स्कोर करके 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता है. वही पंजाब की जसमीन कौर और सिफ्ट कौर ने इसी इवेंट में सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीता है.

SarkariExam.Com

Q9. निम्न में से किस देश की एकमात्र महिला ओलंपिक मेडल विजेता कीमिया अलीजादेह ने अपना देश छोड़ने की घोषणा की है?

क. जापान

ख. इंडोनेशिया

ग. मालदीव

घ. ईरान

हाल ही में ईरान की एकमात्र महिला ओलंपिक मेडल विजेता कीमिया अलीजादेह ने अपना देश छोड़ने की घोषणा की है. कीमिया अलीजादेह ने वर्ष 2016 के रियो ओलंपिक में ताइक्वांडो में ब्रोंज मेडल जीता था. उन्होंने कहा है की मैंने अधिक राजनीतिक शोषण और अपमान नहीं झेल सकतीं इसलिए मैंने देश छोड़ा है.

Q10. इनमे से किस देश के प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवेदेव ने अपने मंत्रिमंडल के साथ अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है?

क. रूस

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. चीन

घ. इंडोनेशिया

रूस के प्रधानमंत्री दिमित्री मेदवेदेव ने अपने मंत्रिमंडल के साथ अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उनका इस्तीफ़ा स्वीकार कर लिया है. साथ ही राष्ट्रपति पुतिन ने कई संवैधानिक सुधारों का घोषणा की है.

SarkariExam.Com

Q11. किस क्रिकेटर को 2020 के लिए BCCI की वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध सूची से छोड़ दिया गया है?

क. एमएस धोनी

ख. रविंद्र जडेजा

ग. आर अश्विन

घ. हार्दिक पंड्या

पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी को 2020 के लिए बीसीसीआई के वार्षिक खिलाड़ी अनुबंध से हटा दिया गया है। दिनेश कार्तिक को भी छोड़ दिया गया है। दूसरी ओर, अक्टूबर 2019-सितंबर 2020 के बीच की अवधि के लिए वाशिंटन सुंदर और मयंक अग्रवाल को केंद्रीय अनुबंध सूची में शामिल किया गया है।

Q12. महिला उद्यमिता के लिए यशस्विनी योजना किस राज्य में शुरू की गई थी?

क. कर्नाटक

ख. महाराष्ट्र

ग. गोवा

घ. केरल

महिला उद्यमिता के लिए गोवा यशस्विनी योजना को 11 जनवरी, 2020 को केंद्रीय डब्ल्यूसीडी मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा गोवा में लॉन्च किया गया था। इस योजना का उद्देश्य 5 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण के साथ महिला एसएचजी का समर्थन करना है।

SarkariExam.Com

Q13. ईंधन संरक्षण के लिए पीसीआरए के हाल ही में शुरू किए गए अभियान का नाम क्या है?

क. सक्षम

ख. प्रगति

ग. अक्षय

घ. विशेश

पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पीसीआरए) ने भारत में ईंधन संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 'सक्षम' नामक एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को तेल और गैस के उचित उपयोग के बारे में जागरूक करना है

Q14. 14 जनवरी, 2020 को सेना दिवस परेड के दौरान एक सर्व-पुरुष दल का नेतृत्व करने वाली पहली भारतीय महिला अधिकारी कौन है?

क. कैप्टन स्वाति पांडे

ख. कप्तान तान्या शेरगिल

ग. कैप्टन संजना चौधरी

घ. कैप्टन तृप्ति शिल्पी

कप्तान तान्या शेरगिल ने दिल्ली में 72 वें भारतीय सेना दिवस के अवसर पर आयोजित सेना दिवस परेड के दौरान सभी पुरुषों की टुकड़ी का नेतृत्व किया। कैप्टन शेरगिल एक इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार स्नातक हैं।

SarkariExam.com

Q15. इनमे से कौन सा शहर शिप्रा नदी के किनारे बसा हुआ है?

क. उज्जैन

ख. शांगली

ग. हाजीपुर

घ. पुणे

Q16. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया का मुख्यालय किस शहर में स्थित है?

क. कोलकाता

ख. मुंबई

ग. दिल्ली

घ. चेन्नई

Q17. कटक शहर इनमे से किस नदी के किनारे बसा हुआ है ?

क. सरस्वती

ख. महानदी

ग. मूसी

घ. शांगपो

SarkariExam.Com

Q18. इनमे से कौन सा स्थान कावेरी नदी के किनारे है?

क. श्रीनगर

ख. तिरुचीपल्ली

ग. चंडीगढ़

घ. इरोड

Q19. पश्चिम बंगाल में कुल कितने जनपद / जिले हैं ?

क. 32

ख. 22

ग. 25

घ. 20

Q20. इनमे से कौन सा पक्षी पश्चिम बंगाल राज्य का है?

क. मोर

ख. बाघ

ग. सफ़ेद गले वाला किंगफ़िशर

घ. हिरन

SarkariExam.Com